हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शुक्रवार
19 दिसंबर 2025, बरेली



### कूच बिहार ट्रॉफी : धूप निकलने पर सुबह 10:20 बजे शुरू हुआ खेल

# उत्तर प्रदेश ने बंगाल पर ली 45 रन की बढ़त

**खेलकूद**



एसआरएमएस के क्रिकेट ग्राउंड पर कूच बिहार ट्रॉफी मैच खेलते खिलाड़ी।

**बरेली, संवाददाता।** एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में बीसीसीआई की कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 प्रतियोगिता में तीसरे दिन कोहरा छटने पर सुबह 10:20 बजे से खेल शुरू हुआ। शाम 4:55 बजे कम रोशनी की अपील पर मैच रेफरी रेफरी प्रकाश भट्ट ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने की घोषणा की। तीसरे दिन बंगाल की टीम 171 रन बना कर पैवेलियन लौटी, जबकि उत्तर प्रदेश ने 8 विकेट के नुकसान पर 216 रन का स्कोर बनाकर पहली पारी में बंगाल पर 45 रन की लीड हासिल की।

यूपीसीए के निर्देश पर बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित कूच बिहार ट्रॉफी के कोहरा प्रभावित मैच के तीसरे दिन मौसम ने खिलाड़ियों का साथ दिया। बंगाल टीम ने पहले दिन के स्कोर 3 विकेट के नुकसान पर 89 रन से आगे खेलना शुरू किया। इसके बाद आदित्य राय (40), अभिप्राय बिस्वास (41) और विराट चौहान (32) ने योगदान दिया। तीसरे दिन उत्तर प्रदेश के गेंदबाजों के आगे बंगाल के बल्लेबाज ज्यादा नहीं टिक सके और टीम को सम्मान जनक स्कोर 171 तक पहुंचाकर टीम 33.1 ओवर में पैवेलियन लौट गई।

उत्तर प्रदेश की तरफ से ओपनिंग करने आए अनमोल और शांतनु की जोड़ी ज्यादा देर नहीं टिकी और महज 13 के स्कोर पर शांतनु सिंह के रूप में उत्तर प्रदेश को पहला झटका लगा। दूसरे विकेट के लिए अनमोल और युवराज के बीच 124 रन की साझेदारी रही। इसके बाद विराट चौहान ने एलबीडब्ल्यू आउट कर युवराज (75) की पारी को समाप्त किया। उत्तर प्रदेश की ओर से अनमोल (68 रन), अयान अकरम (17 रन) बनाए।

### डीआईजी समेत अतिथियों ने लिया खेल का आनंद

कूच बिहार ट्राफी के तीसरे दिन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने डीआईजी अजय साहनी, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी नार्थ मुकेश मिश्रा, सहारनपुर क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर अकरम सैफी, पूर्व रणजी खिलाड़ी मोहम्मद असलम खान, प्रेम प्रकाश अग्रवाल भी एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम पहुंचे और खेल का आनंद लिया। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति आदि मौजूद रहे।